वी.यू. औषधीय वाटिका का उद्घाटन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में जबलपुर के ख्यातिलब्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप दुबे के मुख्य आतिथ्य, कुलपति नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में जबलपुर प्रोफेसर (डॉ.) सीता प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता एवं विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल के सदस्यों में क्रमश श्री एस.सी. दुबे, डॉ. राधा मिश्रा, डॉ. एस.पी. शुक्ला, श्री मोहन सिंह नागर, डॉ. महेंद्र सिंह, श्री हिम्मत सिंह, डॉ. सुधीर यादव, श्री जितेन्द्र सिंह, की गरिमामयी उपस्थिति में विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित औषधि वाटिका का उद्घाटन किया गया। इस नवनिर्मित वाटिका के नवग्रह, राशि, नक्षत्र एवं शरीर के विभिन्न अंगों के रोग उपचार संबंधी निर्मित विभिन्न प्रखंडों व उपखंडो में अतिथियों द्वारा औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप दुबे एवं कुलपति डॉ. तिवारी द्वारा रोग उपचार एवं निवारण के साथ–साथ वातावरणीय एवं पर्यावरण स्वास्थ्य के उत्तम संवर्धन व संरक्षण में औषधीय पौधों की उपयोगिता पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। मुख्य अतिथि एवं प्रबंधन मंडल सदस्यों के द्वारा बताया गया की नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में नवनिर्मित यह औषधि वाटिका पशुओ व मनुष्यों के रोगों का देशीय व आयुर्वेदिक ज्ञान प्रणाली से उपचार हेतु उच्च मानकों को स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर डॉ. राजेश कुमार शर्मा, औषधि वाटिका प्रभारी सह प्राध्यापक भेषज एवं विष विज्ञान डॉ. स्यमन्तक मणि त्रिपाठी, सहायक कुलसचिव डॉ. रामकिंकर मिश्रा, पशु रोग नैदानिक प्रयोगशाला प्रभारी डॉ. पी.के सोलंकी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा औषधीय पौधों का रोपण किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर